No. of Printed Pages : **7**

**7755**

*Register Number* | | | | | | |

# Language – Part IV – HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours ]

[ Maximum Marks : 100

**सूचना :**

(1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न-पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

**Instructions :**

(1) Check the question paper for fairness of printing. If there is any lack of fairness, inform the Hall Supervisor immediately.

(2) Use **Blue** or **Black** ink to write and underline.

## भाग - I

**(15 Marks)**

**सही** उत्तर चुनकर लिखिए। **15x1=15**

Choose the **correct** answer from the options given.

**1.** माखनलाल चतुर्वेदीजी का जन्म __________ जिले में हुआ था।

(अ) मुंगेर (आ) फरूखाबाद (इ) होशंगाबाद (ई) झाँसी

**2.** पानी से __________ ज्यादा जरूरी है।

(अ) हवा (आ) अन्न (इ) वस्त्र (ई) आवास

**3.** कबीरदास की रचनाएँ __________ भागों में विभाजित हैं।

(अ) तीन (आ) पाँच (इ) चार (ई) दो

**4.** कविवर रहीम __________ के प्रधान मंत्री थे।

(अ) शाहजहाँ (आ) अकबर (इ) सिकन्दर (ई) बीरबल

**5.** मैथिलीशरण गुप्त भारत के __________ कवि हैं।

(अ) प्रसिद्ध (आ) देश (इ) राष्ट्र (ई) प्रिय

[ Turn over

6. मधुशाला __________ की प्रमुख रचना है।

(अ) महादेवी वर्मा (आ) हरिवंशराय बच्चन

(इ) मैथिलीशरण गुप्त (ई) माखनलाल चतुर्वेदी

7. लोभ __________ का लक्षण है।

(अ) निरोग (आ) बीमारी (इ) संतोष (ई) स्वार्थ

8. नवयुवक __________ का नेतृत्व करने आगे आ रहे हैं।

(अ) जीवन (आ) युग (इ) समाज (ई) परिवार

9. लोकतंत्र की स्थापना के लिए __________ शिक्षा की आवश्यकता है।

(अ) नवीन (आ) लौकिक (इ) सार्वजनिक (ई) विशेष

10. ''आप'' __________ सर्वनाम का उदाहरण है।

(अ) निजवाचक (आ) अनिश्चयवाचक (इ) प्रश्नवाचक (ई) निश्चयवाचक

11. क्रिया विशेषण के __________ भेद हैं।

(अ) चार (आ) दो (इ) पाँच (ई) तीन

12. खिलौनेवाला __________ बच्चों को बहलाता है।

(अ) चिल्लाकर (आ) गाकर (इ) रोकर (ई) हँसकर

13. खान की उम्र __________ वर्ष की है।

(अ) 25 (आ) 35 (इ) 45 (ई) 28

14. क्रिया का समय बतानेवाला शब्द __________ है।

(अ) द्विकर्मक क्रिया (आ) संज्ञा

(इ) सर्वनाम (ई) कालवाचक क्रिया विशेषण

15. हींगवाला कहानी के लेखक __________ हैं।

(अ) सुभद्राकुमारी चौहान (आ) सुदर्शन

(इ) प्रेमचंद (ई) दिनकर

## भाग - II

**(18 Marks)**

### अंश - 1

**किन्हीं चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **4x2=8**

Answer **any four** questions briefly.

**16.** कबीर ने प्रेम के महत्व को कैसे बताया?

**17.** मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

**18.** कवियों की नयी तान क्या हैं?

**19.** लोभ किसे कहते हैं?

**20.** 'ऐसे-ऐसे' कहानी के प्रमुख पात्रों के नाम बताइए।

**21.** जीवन में शिक्षण का स्थान क्या है?

### अंश - 2

**किन्हीं पाँच** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए। **5x2=10**

Answer **any five** questions briefly.

**22.** प्रत्यय का दूसरा नाम क्या हैं?

**23.** संबंधबोधक को सोदाहरण समझाओ।

**24.** विशेषण के कितने भेद हैं? वे क्या क्या हैं?

**25.** व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं?

**26.** क्रिया किसे कहते हैं?

**27.** प्रश्नवाचक सर्वनाम किसे कहते है?

**28.** वाच्य के कितने भेद हैं? वे क्या क्या हैं?

## भाग - III

**(18 Marks)**

### अंश - 1

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **2x3=6**

Answer **any two** questions.

**29.** लोभ-प्रलोभ है समाधान कीजिए।

**30.** दोहे की पूर्ति कीजिए।

Complete the following.

(अ) साधु ऐसा ---------- उड़ाय।

**अथवा**

(आ) जा घट ---------- बिनु प्रान।।

**31.** 'कलम और तलवार' के बारे में कवि का विचार क्या है?

### अंश - 2

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या **34 अनिवार्य** है। **2x3=6**

Answer **any two** questions. Question No. **34** is **compulsory**.

**32.** रसखान रसों की खान हैं कथन स्पष्ट कीजिए।

**33.** माखनलाल चतुर्वेदी का परिचय दीजिए।

**34.** (अ) रहीम माँगने की वृत्ति के बारे में क्या कहते हैं?

**अथवा**

(आ) महादेवी वर्मा ने अपना परिचय किस प्रकार दिया?

**अंश - 3**

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **2x3=6**

Answer **any two** questions.

**35.** वाच्य बदलिए। (**किन्हीं दो**)

Change voice of **any two** sentences.

(अ) लता पुस्तक पढ़ती है।

(आ) उसने दान दिया।

(इ) हमसे फल खरीदा जाएगा।

**36.** शब्द युग्म लिखिए। (**किन्हीं दो**)

(अ) आकार -

(आ) अन्दर -

(इ) लक्ष्य -

**37.** शुद्ध कीजिए।

(अ) मैने घर जाना है।

(आ) कृपया करके मेरी बात सुन लो।

**भाग - IV**

**(25 Marks)**

**सभी पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5x5=25**

Answer **all** the **five** questions.

**38.** (अ) व्यक्तित्व के अभाव में व्यक्ति का क्या हाल होता है ?

**अथवा**

(आ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

जाको राखै साइँयाँ, मारि न सकै कोय।
बाल न बाँका करि सकै, जो जग बैरी होय।।

**39.** (अ) देना बैंक, टी-नगर शाखा में बचत खाता खोलने के लिए शाखा प्रबंधक को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

(आ) किताब घर नई दिल्ली की ओर से लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद को गलत माल भेजने की शिकायत करते हुए एक पत्र लिखिए।

[ Turn over

**40.** अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए।

Translate the following into English.

(अ) गरीबी और भूख दोनों शापों को देश से हटाना चाहिए।

(आ) कोलंबस धैर्यवान और खोज प्रवृत्ति का युवक था।

(इ) जिसका मन सत्य का मंदिर है, उसका आचरण भी पवित्र होता है।

(ई) रेगिस्तान की यात्रा के लिए ऊँट उपयोगी होने के कारण उसे रेगिस्तानी जहाज़ कहते हैं।

(उ) मारनेवाले से जिलानेवाला अच्छा हैं।

**41.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक बार भगवान बुद्ध का प्रचारक घूम रहा था। उसे एक भिखारी मिला और वह प्रचारक उसे धर्म का उपदेश देने लगा। भिखारी ने उसकी ओर ध्यान नहीं दिया। क्योंकि उपदेश में उसका मन नहीं लग रहा था। प्रचारक को बहुत क्रोध आया। उसने बुद्ध के पास जाकर कहा, – ''वहाँ एक भिखारी बैठा है वह मेरे उपदेश नहीं सुनता है।'' बुद्ध ने कहा – ''उसे मेरे पास लाओ''। प्रचारक उसे बुद्ध के पास ले आया। बुद्ध ने समझ लिया कि वह तीन दिनों से भूखा हैं। उन्होंने उसे भरपेट भोजन खिलाया और वापस भेज दिया। बुद्ध ने कहा ''आज उसके लिए अन्न ही उपदेश था और उसे भोजन की ही अधिक आवश्यकता थी। यदि मनुष्य के पेट में भूख की ज्वाला भड़क रही हो तो उसको उपदेश देने से कोई लाभ नहीं होगा।''

**प्रश्न :**

(अ) प्रचारक क्यों नाराज हुआ ?

(आ) भिखारी ने क्यों उपदेश नहीं सुना ?

(इ) भिखारी को देखकर बुद्ध ने क्या दिया ?

(ई) बुद्ध ने भिखारी के बारे में क्या कहा ?

(उ) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

**42.** (अ) सही मिलान कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | मिठाई | – | अनिश्चयवाचक सर्वनाम |
| (b) | कोई | – | विशेषण |
| (c) | दो मीटर कपड़े | – | भाववाचक संज्ञा |
| (d) | कल | – | छह प्रकार |
| (e) | सर्वनाम | – | कालवाचक क्रिया विशेषण |

**अथवा**

(आ) सही मिलान कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | हींगवाला | – | संख्यावाचक विशेषण |
| (b) | सोना | – | स्थानवाचक क्रिया विशेषण |
| (c) | तीन बच्चे | – | पं भगवती प्रसाद वाजपेयी |
| (d) | यहाँ | – | सुभद्राकुमारी चौहान |
| (e) | मिठाईवाला | – | द्रव्यवाचक संज्ञा |

## भाग - V

**(24 Marks)**

**सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **3x8=24**

Answer **all** the questions.

**43.** (अ) ''मातृभूमि'' कविता का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) ''कलम और तलवार'' कविता का सारांश लिखिए।

**44.** (अ) ''ऐसे-ऐसे'' – एकांकी का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) ''जीवन और शिक्षण'' – पाठ का सारांश लिखिए।

**45.** (अ) ''बाप का हृदय'' कहानी का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) ''रक्षा बंधन'' कहानी का सारांश लिखिए।

**- o O o -**